1 नया सवेरा

• कविता •

पक्षी	वृक्ष	आँखें	किरण	पत्ते

सूरज निकला, पक्षी जागे।
हम भी जागे, तुम भी जागे।।
नीचे ऊपर, ऊपर नीचे।
वृक्ष खड़े थे, आँखें मीचे।।
नाच उठे किरणों के आगे।
टहनी पीछे, पत्ते आगे।।
कोई इधर से,कोई उधर से।
निकले बच्चे, अपने घर से।।
बस देखी तो दूर से भागे।
इधर से भागे, उधर से भागे।।

शिक्षण संकेत

- बच्चों को कविता का सस्वर एवं लययुक्त ढंग से अनुसरण वाचन कराएँ।
- बच्चों को नियमित दिनचर्या के विषय में विस्तार से समझाएँ। फिर उसका पालन करने के लिए प्रेरित करें।

शब्दकोश

सूरज – सूर्य। **पक्षी** – पंछी, खग। **वृक्ष** – पेड़। **मीचे** – बंद किए। **टहनी** – डाली। **भागे** – दौड़े।

विशेष : मानक वर्तनी के प्राचीन एवं नवीन रूप

पत्ते = पत्ते   बच्चे = बच्चे

समग्र एवं सतत अभ्यास — Summative and Formative Assessment — CCE Based

पाठ बोध



1. सही उत्तर के सामने ✓ लगाइए: (MCQs)

क. सूरज निकलने पर कौन-कौन जाग गए?

पक्षी ☐   हम-तुम ☐   पक्षी, हम और तुम ☐

ख. सोते हुए वृक्ष कब नाचने लगे?

सूरज छिपने पर ☐   सूरज की किरणें पड़ने पर ☐   चिड़ियों के उड़ने पर ☐

ग. बच्चे किसे देखकर अपने घरों से भागे?

सूरज देखकर ☐   दूसरे बच्चों को देखकर ☐   स्कूल बस देखकर ☐

2. खाली स्थान में उचित शब्द भरिए: समेटिव असेसमेंट (MCQs)

क. सूरज निकलने पर ________ जागे। (पक्षी/वृक्ष)

ख. वृक्ष किरणों के सामने ________ रहे थे। (जाग/नाच)

ग. बस में बैठने के लिए बच्चे ________ से निकले। (घर/कक्षा)

घ. बच्चे ________ को देखकर इधर-उधर से भागे। (बस/कार)

3. सही वाक्य के आगे ✓ और गलत के आगे ✗ लगाइए:

क. सूरज निकलने पर पेड़-पौधे सो गए। ☐

ख. सूरज की किरणों के आगे वृक्ष नाचने लगे। ☐

ग. सूरज निकलने पर पक्षी जाग गए। ☐

घ. बच्चे बस देखकर अपने घरों से निकलकर इधर-उधर छिप गए। ☐

भाषा एवं व्याकरण

1. विलोम शब्द लिखिए:

जागना × ______	ऊपर × ______	आगे × ______
सुबह × ______	रात × ______	पूरब × ______

2. समान अर्थ वाले शब्द पर ◯ बनाइए:

MCQs

वृक्ष	–	पेड़	पौधा	नाव
जल	–	गंगाजल	पानी	अमी
हवा	–	बहार	नीर	वायु

याद कीजिए : एक जैसे अर्थ वाले शब्दों को **समान अर्थ वाले शब्द** कहते हैं।

3. समझिए और कीजिए:

सू + र + ज = सूरज	कि + र + ण = ______	ट + ह + नी = ______
ब + स = ______	घ + र = ______	प + त् + ता = ______

मौखिक अभिव्यक्ति

1. शुद्ध उच्चारण कीजिए:

फॉरमेटिव असेसमेंट

पक्षी वृक्ष आँखें किरणें बच्चे ऊपर इधर उधर

2. उत्तर दीजिए:

क. सूरज निकलने पर क्या होता है?

ख. सूरज की किरणों के आगे वृक्ष किस प्रकार नाचने लगते हैं?

ग. स्कूल बस आने पर बच्चे क्या करते हैं?

घ. क्या स्कूल बस देखकर भागना अच्छी आदत है?

रचनात्मक अभ्यास

D सुबह आप किस समय उठते हैं और रात में किस समय सोते हैं? आपस में चर्चा कीजिए।